ISSN : 2456-8856

पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/9510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2021-2023 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

आश्वस्त

वर्ष 26, अंक 240 अक्टूबर 2023

जय भीम

धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस

नमो बुद्धाय

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 26 अंक 240
अक्टूबर 2023

आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/9510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी

संरक्षक
सेवाराम खाण्डेगर
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
आयु. सूरज डामोर IAS
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
डॉ. तारा परमार
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली
डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात
डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात
डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.

Peer Review Committee
डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)
प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)
प्रो. रहिम श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)
डॉ. बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1.	अपनी बात	डॉ. तारा परमार	03
2.	भारत में बंधुआ मजदूरी	डॉ. श्रवण कुमार	04
3.	भाषा और चिंतन में तीसर लिंग	डॉ. रजनी दिसौदिया	07
4.	हिन्दी सिनेमा में दलित विमर्श एवं चिंतन	डॉ. अरन्विद कुमार पाल डॉ. आशुतोष वर्मा	10
5.	Administration of Chandergupt Maurya	Dr. Kavita Ram	12
6.	Sri Aurobindo Ghosh as a Radical Feminist	Sukla Roya (Reseach Scholar) Dr. Indrani Ghosh (Assistant Professor)	17
7.	देवनागरी लिपि के विभिन्न सोपान	ब्रजेश उपाध्याय	24

UGC Care Listed Journal
खाते का नाम – आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.– 63040357829
बैंक – भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा– फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

एक प्रति का मूल्य	:	रुपये 20/-
वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 200/-
आजीवन सदस्यता शुल्क	:	रुपये 2,000/-
संरक्षक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 20,000/-

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

अपनी बात

भारत को अपनी किसी प्राप्ति पर गर्व हो सकता है, उसे दुनिया के प्रति किसी योगदान पर नाज हो सकता है तो वह है तथागत बुद्ध । वे पूरे विश्व के प्रकाश–स्तंभ हैं। उन्होंने ऐसा धम्म चलाया जो मानव को मानव से जोड़ता है, जो मनुष्य को प्रत्येक शास्त्रीय गुलामी से आजाद करता है। जो मनुष्य के जन्म को नहीं, बल्कि उसके कर्म को उसकी स्थिति का निर्धारक समझता है। यह वास्तविक अर्थों में धर्म चक्कर का परिवर्तन है।

बुद्ध मध्यम मार्ग को मानने वाले है जो कि न तो काम–भोग का मार्ग है और न काया–क्लेष का मार्ग है। पांचों परिव्राजकों ने उनकी बात ध्यान से सुनी। बुद्ध ने पहली बात यह बताई कि उनके सद्धम्म को आत्मा, परमात्मा से कुछ लेना–देना नहीं है। उनके सद्धम्म को मरने के बाद (आत्मा का) क्या होता है, इससे कुछ सरोकार नहीं है। उनके सद्धम्म को कर्मकाण्ड के क्रिया–कलापों से भी कुछ लेना–देना नहीं है। उनके धम्म का केन्द्र बिन्दु है, आदमी और इस पृथ्वी पर रहते समय आदमी का आदमी के प्रति क्या कर्तव्य होना चाहिए? यह उनकी पहली स्थापना है। उनकी दूसरी स्थापना है कि आदमी दुःखी है, कष्ट में है और दरिद्रता का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। संसार दुःख से भरा पड़ा है और धम्म का उद्देश्य इस दुःख का नाश करना ही है। इसके अतिरिक्त सद्धम्म कुछ नहीं है। दुःख के अस्तित्व की स्वीकृति और दुःख के नाश का उपाय यही धम्म की आधारशीला है।

बुद्ध ने परिव्राजको से कहा–''कोई भी आदमी जो अच्छा बनना चाहता है उसके लिये यह आवश्यक है कि वह कोई अच्छाई का माप–दण्ड स्वीकार करें।'' उन्होंने आगे कहा मेरे पवित्रता के पथ के अनुसार अच्छे जीवन के पांच माप–दण्ड है–1. किसी प्राणी की हिंसा नहीं करना। 2. चोरी नहीं करना अर्थात् दूसरे की चीज को अपनी नहीं बना लेना। 3. व्याभिचार नहीं करना। 4. असत्य नहीं बोलना। 5. नशीली चीजें ग्रहण नहीं करना।

''मैं कहता हूँ कि हर आदमी के लिये यह परमावश्यक है कि वह इन पांच शीलों को स्वीकार करें, क्योंकि हर आदमी के लिये जीवन का कोई माप–दण्ड होना चाहिए, जिससे वह अपनी अच्छाई–बुराई को माप सके। बुद्ध के अनुसार ये पांच शील जीवन की अच्छाई–बुराई मापने के माप–दण्ड है।

बुद्ध ने परिव्राजको को धम्मोपदेश देते हुए यह भी बताया कि ''दुनिया में हर जगह पतित (गिरे हुए) लोग होते ही हैं, लेकिन पतित दो तरह के होते हैं। एक तो पतित वे होते हैं जिनके जीवन का कोई माप–दण्ड होता है, दूसरे पतित वे होते हैं जिनके जीवन का कोई माप–दण्ड ही नहीं होता। ऐसे लोग जिनके जीवन का कोई माप–दण्ड नहीं होता, वह पतित होने पर भी यह नहीं जानता कि वह 'पतित' है। इसलिये वह हमेशा पतित ही रहता है। दूसरी ओर जिसके जीवन का कोई माप–दण्ड होता है वह हमेशा इस बात की कोशिश करता है कि पतितावस्था से ऊपर उठे। क्योंकि वह जानता है कि वह पतित है, गिर गया है। आदमी के लिये जीवन–सुधार का कोई माप–दण्ड होने और नहीं होने में यही बड़ा अंतर है। आदमी अपने स्तर से नीचे, गिर पड़े यह इतनी बड़ी बात नहीं है जितना यह कि आदमी के जीवन का कोई स्तर ही नहीं है।

इसके पश्चात् बुद्ध ने परिव्राजको को कहा कि हे! परिव्राजको तुम पूछ सकते हो कि इन पांच शीलों को जीवन का मापदण्ड ही क्यों स्वीकार किया जाये? तो इस प्रश्न का उत्तर तुम्हें स्वयं ही मिल जावेगा। यदि तुम अपने से ही प्रश्न पूछो–क्या यह शील व्यक्ति के लिये कल्याणकारी है? और साथ ही यह भी पूछो, क्या इन शीलों का पालन करना समाज के लिए कल्याणकारी है? ''यदि इन दोनों प्रश्नों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो इससे सीधा परिणाम निकलता है कि मेरे पवित्रता के पथ के ये पांच शील इस योग्य हैं कि उन्हें जीवन का सच्चा माप–दण्ड मान लिया जाये।''

नमो बुद्धाय! भवतु सब्ब मंगलम्।

– डॉ. तारा परमार

भारत में बंधुआ मजदूरी

– डॉ. श्रवण कुमार

आदिकाल से आज तक दलित, शोषित, शूद्र, अतिशूद्र साम्राज्यवाद और जातिवाद के चलते नाना प्रकार के कष्ट सहन कर रहा है। तथाकथित आर्य मूल निवासियों को असुर, दैत्य एवं पापी कहकर अपमानित करते रहे हैं। आज इस समाज को गुलाम एवं लाचार बनाकर मुख्यधारा से काट दिया गया है उन्हें शिक्षा एवं प्रमुख कार्यों से बहिष्कृत कर दिया गया है। अपने स्वार्थों के लिए 'ईश्वर प्रदत्त' ग्रंथों की रचना की है। भारतीय समाज के ढांचे को चार परतों में बांटकर शूद्र चौथा वर्ग तीन वर्णों की गुलामी करने के लिए बाध्य कर दिया है। भारत में दासों और अमेरिका तथा अफ्रीका के दासों में अन्तर इतना ही है कि भारत के दासों को आर्यों ने विजित कर दास बनाया और विदेशी दासों को सामन्तों ने जबरन पकड़कर दास बनाया। इन गुलामों को बैलों के स्थान पर जोतकर काम लिया जाता था। उन्हें खाने के लिए भोजन, पीने के लिए पानी की एक बूंद के लिए 'ठाकुर के कुआं'[1] से पानी न देकर सख्त बदबूदार पानी पीने के लिए मजबूर किया जाता था। दिन भर कमरतोड़ मेहनत के बाद मुँह से खून निकल आता था। ये ही उनके अन्नदाता एवं मालिक थे। उनके बच्चे दुःखों से रोते–बिलखते–अश्रुधारा बहाते मजदूरों के कष्टों का जीवन जीते थे।

ज्योतिबा फुले के शब्दों में – 'परशुराम ने 21 बार (मूल निवासी) क्षत्रियों को सपरिवार नष्ट किया।... विधवा स्त्रियों को गोद से चार–पांच महीने के निर्दोष बालकों को छीनकर दुष्टतापूर्वक जान से मार दिया।[2] आज यह आदिवासी परिवार स्वयं को अहंकार से सैनी, कुर्मी, स्वर्णकार, प्रजापति, कुंभकार, विश्वकर्मा, लुहार आदि मानकर इनसे अलग हो गये। किंतु इन्हें शूद्र ही कहा जाता है। भारत में दादाभाई नौरोजी, ज्योतिबा फूले, गोविंद रानाडे, विष्णुशास्त्री चिपलूणकर, गोपाल गणेश आगरकर, ताराबाई शिंदे एवं डॉ. भीमराव अम्बेड़कर ने बालविवाह, विधवा विवाह, सती प्रथा एवं श्राद्ध पर रोक लगाकर शिक्षा की अलख जगायी। किंतु आज भी भारत में बंधुआ मजदूर खदानों में काम करते, भट्टों में अपना लहू बहाते शोषण के शिकार होते मिल जायेंगे। इसका कारण कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' एवं नीतिवादी धर्म ग्रंथ हैं। "कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कहा गया है कि भूमि पर समस्त अधिकार राजा में निहित है उसे जमीन की उपज से रैयत को आजन्म लाभ उठाने का अधिकार है जिस पर वह खेती करता है इसमें यह माना गया है कि खेती के अयोग्य सभी भूमि पर रैयत का पुश्तैनी हक है।[3]

भारतीय समाज भू–स्वामी एवं उत्पादक दो वर्गों में सामन्ती व्यवस्था के अधीन चलता है। मुस्लिम शासकों ने भी जमींदारों की भूमि का हक में कोई परिवर्तन नहीं किया किन्तु "वंशानुगत जमींदारी प्रणाली में रूपान्तरित होते राजवंश को करों का भुगतान करने की प्रथा की संभावना नहीं थी। मुगल शासन काल में कोई अभिजात वर्ग नहीं था जो भूमि के स्वामित्व पर आधारित हो।[4]

मुगल शासन काल में भू–राजस्व के भुगतान के लिए तीन महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त स्थापित किये थे 'हिन्दू राजाओं का अपने क्षेत्र पर पूर्ण अधिकार एवं नियंत्रण था। दूसरे मुगल सरकार अपने लिए कर वसूलने वालों को हमेशा नकद के रूप में वेतन नहीं देती थी। इसकी बजाय कर वसूलने वालों को उनके लिए निर्धारित क्षेत्रों से कर की वसूली की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी जाती थी। सरकारी स्तर पर छान–बीन करने के बावजूद इन अधिकारियों को कर वसूलने में एक तरह से खुली छूट प्राप्त थी। तीसरे कुछ मामलों में ये अधिकारी गाँव के मुखिया पर भरोसा नहीं करते थे और सरकारी खजानों में जमा करने के लिए किसानों से सीधे कर वसूलते थे।[5]

ये कर वसूलने वाले एजेंट थे। दमन एवं यन्त्रणा का अस्तित्व था। कवि मुकुंदराम चक्रवर्ती लिखित चण्डीमंगल में दिहिदारों पोतदारों आदि जैसे मुगल अधिकारियों द्वारा अवर्णनीय यातना दिये जाने के अनेक प्रसंग मिलते हैं। किसानों के दोहन पर कोई सुनवाई नहीं थी। केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था के काफी दूर होने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा अमानवीय व्यवहार होना आसान था।

सामान्य जनता मुगल साम्राज्य के बाद सूबे, जमींदारों, जागीरदारों की फौज के नीचे पिसने लगी। पानी के अभाव में किसानों एवं मजदूरों में भूखमरी फैल गयी।

अंग्रेजों ने इंग्लैण्ड का माल बेचने के लिए उद्योग–धन्धों को कच्चे माल की कमी पूर्ति करने के लिए सबसे पहले किसानों को गुलाम बनाया तथा उन्हें उद्योग–धन्धों, कोयले की खदानों में झोंक दिया। अंग्रेजों ने भी गाँव के मुखिया, जमींदार, गुमाश्ता को ही जमीन का असली मालिक माना तथा वह साहूकार अंग्रेजों का एजेंट था। वह जनता से पूरी ताकत से कर वसूलता था। उन्होंने जमीन की बिक्री, जमीन का वितरण और गिरवी के रूप में जमीन रखना शुरु किया इससे नये गांटीदार, पट्टनीदार एवं दर पट्टनीदार और ताल्लुकदार वर्गों का उदय हुआ। अंग्रेजों एवं ठाकुरों दोनों के सामुहिक शोषण से किसानों को जमीन का पुश्तैनी हक सदा के लिए छोड़ना पड़ा। धूर्त अंग्रेजों का मस्तिष्क, मुगलों से भी ज्यादा उर्वर था वे सभी शोषक वर्ग जो अंग्रेज, मुगल, तुर्क एवं ठाकुर सभी मूल एक ही थे चेहरे अलग थे। इनके शोषण से किसानों की चीख धीमी एवं खामोश पड़ गयी। इससे खेती–बाड़ी का काम ठप्प हो गया। मुगलों एवं ठाकुरों की तरह अत्याचार, यन्त्रणा, बलात्कार और लूटपाट ही उनके हथियार थे। अंग्रेजों द्वारा 'कर रोपण' 1772 ई. में लागू की गयी जिसमें पंचसाला बन्दोबस्त, 'एकसाला बन्दोबस्त' कर प्रणाली लागू की गयी। जिससे जनता पर शोषण का घोर अत्याचार शुरु हुआ।

अंग्रेजों को जमींदारों द्वारा 30 लाख पौंड जनता से कर वसूल कर देना होता था। यह राशि न वसूलने पर उन्हें अभिशापित एवं त्राशित किया जाता था।

1938 में मैमनसिंह के महाराजा ने घोषणा कि 'जमींदारों के रूप में अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए सरकार के हाथ मजबूत करने होंगे।[6] दक्षिण भारत में कर स्थापित करने के लिए रैयतबाड़ी प्रणाली स्थापित की गई। जिसमें जमींदार यह कर अंग्रेजों को न देकर स्वयं के लिए वसूलने लगी। इस द्वैध शासन की भट्टी में जनता दो पाटों में पिसने लगी।

एक इंच जमीन तक हड़पने के लिए अंग्रेजों ने बन्दोबस्त, रैयतबाड़ी एवं महलवारी तीन शोषण हथियारों से शोषण करना शुरु कर दिया। किसानों ने हल, बैल एवं बीज सब कुछ खो दिया वह बंधुआ मजदूर बन गया। किसान की दशा प्रेमचंद के 'गोदान' उपन्यास में 'होरी' जैसी थी। सूदखोर महाजन अपने कर्ज को बढ़ा रहे थे। उन्हें दुःखभरी जिल्लत की जिन्दगी नसीब में मिली ।

आज मजदूरों का एक बड़ा हिस्सा बंधुआ मजदूर, झोंपड़–पट्टी का एक बड़ा हिस्सा बंधुआ मजदूर, झोपड–पट्टी में जीवन सफर कर रहा है। इन्हें 'सलूम डाँग' कहकर भारतीय इतराते हैं। इन्हें आज हाशिये का समाज कहा जाता है। कर्ज देकर गुलाम बनाने की नीति आदिवासियों की ईश्वरवाद से शुरू थी आज वह भाग्यवाद एवं नियतिवाद में बदल गया है इनकी जड़ें गहरी हो गयी है। गुलामी में बिहार की सूची भारत में सबसे नीचे है यहाँ का कमिया वर्ग इस श्रेणी में आता है। मालिक बिना बयान के ही इस समाज का काम लेता है। आज सरकार रामराज्य के नाम पर केन्द्रीकृत नौकरशाही शासन स्थापित करना चाहती हैं। जिसमें बड़े–बड़े उद्योग स्थापित कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करके एक विशेष वर्ग को स्थापित करना इनका लक्ष्य है। रूसो के अनुसार 'अर्थ–व्यवस्था का आधार

आत्मप्रेम है, परोपकार नहीं जिसमें सभी व्यक्ति अपने लाभों के लिए कार्यरत है।[7]

मनुष्य की 'असामाजिक–सामाजिकता' आर्थिक प्रगति का आधार है क्योंकि वह उसमें सम्मान, शक्ति और धन की इच्छा पैदा करती है । यह धनिक साहुकार इस व्यवस्था को बनाये रखना चाहते हैं। महाजन अपना अनाज का कोठर खाली करने के लिए किसान को कर्ज देता है। इस प्रकार कर्ज से कर्ज बढ़ता है। अंग्रेज कंपनी ने सरकार के माध्यम से अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए महाजनों को बढ़ावा दिया।

1799 ई. सातवें विनिमय कुख्यात 'हैफटम ला' की घोषणा हुई इस कानून में जमींदारों और महाजनों को रैयतों एवं किसानों से जमीन खाली करवाने के अधिकार दिये।[8] सरकार ने 1793 ई. फसल जब्त करने का अधिकार 'पंजाब लॉ' में जमींदार मनमाने रूप में कर लगा सकता है। 1859 ई. के बंगाल कर कानून के मुताबिक निर्धारित कर को जमींदार किसी भी बहाने बढ़ा सकते थे।[9]

समूचा देश जमींदार, ताल्लुकदार, ठिकानेदार, पट्टनीदार, महाजन के खूंखार भेड़ियों का शिकारगाह बन गया ।

इससे सम्पूर्ण भारत में शोषण का काम ऊदबिलाव एवं जंगली बिल्ली को दे दिया आज क्रूर भाग्य या ईश्वरवाद इनका ही है। इसके फलस्वरूप 1855–56 में संथाल विद्रोह, दक्कन का किसान विद्रोह एवं मालाबार में मोपला विद्रोह ने साहूकारों एवं महाजनों के दशावतार ईश्वरवादी नकाबपोश चेहरों की असलियत को समझ गये थे। आज एन.जी.ओ. एवं समाज सुधार संस्थाएं मोटी राशि लेकर झूठे प्रचार कर इस जनता का दमन करती है।

किसानों को अपनी किसानी से हाथ धोना पड़ा, जमीन गिरवी रखनी पड़ी, दो मन चावल उधार लिये लौटा नहीं पाया। अपनी पुत्री एवं बच्चों को बेचना शुरु कर दिया सतना, मध्यप्रदेश में चाचा ने अपने पुत्र को 150 रुपये में साहूकार को बेच दिया। खेतिहर मजदूरों में अधिकांश लोग आदिवासी एवं हरिजन हैं। आज आजादी के प्रारम्भिक दशकों में पंचवर्षीय ग्राम विकास योजनाएँ समाप्त कर दी गयी है। आज कृषि के लिए उल्लेखनीय प्रगति का दावा नहीं किया जा सकता है।

आज काश्तकारों की योजना सुरक्षा, नारों, भाषणों एवं कागजों की फाइल में दब गयी है। आज काश्तकारों को किसी तरह की सुरक्षा नहीं है उन्हें जमीन से बेदखली के लिए सड़कों पर आना पड़ रहा है।

आज ग्रामीण आबादी 1967–68 रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के अनुसार 70 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता हैं 'बिहार में आज बंधुआ मजदूरों का प्रतिशत 45.8 है तथा प्रति व्यक्ति आय 100 रुपये से कम है।[10] आज शादी–विवाह, दाह–संस्कार में कर्ज लेना पड़ता है बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज, जमीन बेचनी पड़ती है शिक्षा इतनी महंगी हो गयी है, सरकारी शिक्षकों को आंकड़े जुटाने एवं पशु–गणना का काम दे दिया है। किसी व्यक्ति की हैसियत उसकी जाति से लगाते हैं । जाति एवं वर्ग भेद से भारत में आदिवासी एवं दलित सबसे ज्यादा उत्पीड़ित हैं। वे पूरे देश में झाड़ू लगाकर, गटर साफ करके भी एक रोटी के टूकड़े के लिए घर की दहलीज पर झोली फैलाये बच्चों के भोजन के लिए गुहार लगाता है। सरकार इनके संरक्षण के कागजी घोड़े दौड़ा रही हैं। किंतु उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए ठोस कदम 'ढाक के तीन पात' की तरह है। इसका निराकरण करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए आठ–आठ आँसू न बहाये संवेदना के साथ सामूहिक प्रयास से मानवता स्थापित करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए किन्तु है नहीं।

– डॉ. श्रवण कुमार
सह–आचार्य, हिन्दी विभाग
भाषा प्रकोष्ठ, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,
जोधपुर (राज.)
मो. 9352671936

संदर्भ :

1. मुंशी प्रेमचंद – ठाकुर का कुआं
2. गुलाम गीरी की प्रस्तावना – ज्योतिबा फूले सामाजिक क्रांति के दस्तावेज सम्पादक शंभुनाथ, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 772
3. भारत में बंधुआ मजदूर – महाश्वेता देवी, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, सं. 2013, पृ. 12,13
4. भारत में बंधुआ मजदूर – महाश्वेता देवी, वहीं, पृ. 13
5. भारत में बंधुआ मजदूर महाश्वेता देवी, वहीं, पृ. 13,14
6. भारत में बंधुआ मजदूर–महाश्वेता देवी, वही, पृ. 19
7. समाजवादी चिंतन का इतिहास – कृष्णकांत मिश्र, ग्रंथ शिल्पी, लक्ष्मी नगर, प्रथम सं. 2002, पृ.सं. 80
8. भारत में बंधुआ मजदूर – महाश्वेता देवी, वही, पृ. 26
9. भारत में बंधुआ मजदूर – महाश्वेता देवी, वही, पृ. 26
10. भारत में बंधुआ मजदूर – महाश्वेता देवी, वहीं, पृ. 52

भाषा और चिंतन में तीसरा लिंग

– डॉ. रजनी दिसौदिया

भूमिका – इस शोध आलेख का उद्देश्य तीसरे लिंग की दृष्टि से भाषा और समाज के संबंध को समझना है। सबसे पहले इस लेख में हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी भाषा के व्याकरण को आधार बनाकर यह समझने की कोशिश की गई है कि कैसे भिन्न–भिन्न भाषाओं के व्याकरण में लिंग व्यवस्था भी भिन्न है और साथ ही वह भिन्न लैंगिक पहचान वाले समाज की सामाजिक स्थिति को भी प्रदर्शित करती है। इस समाज विशेष के लिए अवमाननापूर्ण और पूर्णतः त्याग दिये जाने वाले रिवाजों और मान्यताओं के बनने के पीछे प्रकृति के नियम आधार का काम करते हैं।

बीज शब्द – संज्ञानपरक, चिंतनपरक, संप्रेषण–परक, किन्नर, लिंगबोध, क्रियापद, सहज वृतियाँ, भाषा वैज्ञानिकों के अनुसार भाषा के तीन प्रमुख प्रकार्य माने जाते हैं। संज्ञानपरक, चिंतनपरक, संप्रेषणपरक प्रकार्य।[1] संज्ञानपरक प्रकार्य के अंतर्गत भाषा का काम है कि वह तमाम भौतिक–अभौतिक वस्तुओं, पदार्थों, विचारों, और भावों को नाम दे। किसी भी विचार, भाव और वस्तु का अस्तित्व ही इस बात पर टिका है कि उसको संबोधित करने के लिए कोई संज्ञा है, कोई नाम है। इसके बाद उस वस्तु पदार्थ या विचार के बारे में उसके गुण या दोष के बारे में चिंतन करने का काम भी भाषा के द्वारा ही होता है। वह वस्तु अथवा विचार क्या है ? कैसा है? कब से है? उसका रूपाकार, उसका फायदा और नुकसान क्या है? इस सबके बारे में चिंतन भी भाषा के द्वारा ही होता है। असल में मानव समाज का अस्तित्व ही भाषा पर टिका है।

तीसरे लिंग के लिए मानक हिन्दी में कोई संज्ञा शब्द नहीं बना। बेशक हिन्दी की स्थानीय भाषाओं (रूपों) में हिजड़ा, छक्का जैसे शब्द हैं और अब मानक में किन्नर शब्द इस्तेमाल किया जाने लगा है। पर इस शब्द का भी विरोध हो रहा है। अपने उपन्यास पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा में चित्रा मुद्गल लिखती हैं कि कैसे किन्नौर के रहने वाले लोगों ने जो किन्नर कहलाते हैं, तीसरे लिंग के लिए इस शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति दर्ज की है।[2] शब्द का अस्वीकार वास्तव में उस समाज विशेष का ही अस्वीकार है। और अगर इन संज्ञा शब्दों को स्वीकार कर भी लिया जाए तो भी इन शब्दों के अर्थ कितने नुकीले हैं इसके लिए भी चित्रा मुद्गल के उपन्यास पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा का यह अंश पढ़ा जा सकता है। "बस की बाट जोहते हुए मैं सोचता रहा, बा। किन्नर शब्द सुनते ही अवमानना न चाहते हुए भी क्यों सुलग उठती है।... किन्नर शब्द भले गाली न लगे मगर अपने निहितार्थ में वह उतना ही क्रूर और मर्मान्तक है, जितना हिजड़ा।[3]

हिन्दी भाषा के व्याकरण की ओर देखें तो तीसरे लिंग की स्थिति और भी ज्यादा चिंताजनक है। पहली वजह है हिन्दी में व्याकरण के स्तर पर केवल दो ही लिंगों की स्वीकार्यता और दूसरी वजह हिन्दी के

व्याकरण में लिंगबोध का, क्रिया पद पर टिका होना है। उदाहरण के लिए हम सब जानते हैं कि हिन्दी की वाक्य संरचना में स्त्रीलिंग और पुल्लिंग की ही मान्यता है। एकलव्य जंगल में रहता है और ताड़का जंगल में रहती है। पुरुष रहता है और स्त्री रहती है। अब जो न पुरुष है और न स्त्री (ट्रांसजेन्डर) वे भी तो कहीं रहते होंगे? उनकी सूचना कैसे दी जाए? या हिन्दी समाज को इस सूचना की जरूरत ही नहीं है कि वे कहीं भी रहते हों? हिन्दी समाज यह जानना ही नहीं चाहता। हिन्दी भाषा का व्याकरण तीसरे या स्त्री और पुरुष से इतर किसी भिन्न लिंग की पहचान वाले मनुष्य को स्वीकार ही नहीं करता। असल में भाषा और उसका व्याकरण समाज के विश्वास और मान्यताओं का ही नेतृत्व करता है। जैसे संस्कृत और अंग्रेजी भाषा में तीसरे लिंग की स्वीकार्यता है। संस्कृत में नपुंसकलिंग और अंग्रेजी में थर्ड जेंडरकी उपस्थति (स्वीकार्यता) है। संस्कृत में पुरुष के लिए **वह** के स्थान पर **सः** का और स्त्री के लिए **वह** स्थान पर **सा** का प्रयोग होता है। साथ ही नपुसंकलिंग के लिए **वह** के स्थान पर **तत्** का प्रयोग होता है। इस तरह हम देखते हैं कि अंग्रेजी में पुरुष के लिए He का और स्त्री के लिए She का प्रयोग होता है और थर्ड जेंडर के लिए It का प्रयोग होता है। पर हिन्दी में ऐसी कोई संभावना नहीं है।

दूसरी स्थिति इससे भी ज्यादा पेचीदा है। हिन्दी के व्याकरण में लिंगबोध क्रिया पर टिका है। वाक्य विन्यास के केन्द्र में क्रिया ही होती है। किसी भी वाक्य का निर्माण ही तब होता है जब कुछ होता (या नहीं होता) है। अर्थात कोई क्रिया होती (या नहीं होती) है। इसका मतलब यह है कि हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो अपने हर वाक्य (कर्ता प्रधान) में यह निश्चित कर लेती है कि क्रिया को करने वाला कौन है? वह स्त्री है या पुरुष? किसी अन्य की कोई संभावना नहीं है। वह निर्जीव वस्तुओं को, जिनकी कोई लैंगिक पहचान नहीं होती उन्हें भी किसी न किसी लिंग (स्त्री या पुरुष) की कोटि में डालकर देखती है। जैसे पहाड़ पुल्लिंग है तो नदी स्त्री लिंग। रुमाल पुल्लिंग है तो बनियान स्त्रीलिंग। जबकि इसके मुकाबले संस्कृत और अंग्रेजी में ऐसी तमाम संज्ञाओं के लिए नपुंसकलिंग या थर्ड जेंडर का विकल्प है। इस मायने में वे भाषाएँ हिन्दी की अपेक्षा बेहतर स्थिति में हैं। दूसरा इन दोनों भाषाओं में लिंगबोध सर्वनाम पर टिका होता है तो यहाँ जब तक प्रयोक्ता प्रथम पुरुष में अपनी बात कहता है तब तक बोलने वाले का लिंग पता नहीं चलता क्योंकि यहाँ लिंग का बोध क्रियापद से नहीं होता। संस्कृत और अंग्रेजी अपने प्रयोक्ता को काफी हद तक यह जगह देती है कि वे अपनी लैंगिक पहचान बताए बिना अपनी बात कह सकते हैं, वहीं हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो कुछ विशिष्ट नियमों को छोड़कर लगभग सभी जगह अपने प्रयोक्ता को इस बात के लिए मजबूर करती है कि वह अपनी लैंगिक पहचान स्पष्ट करे और उसमें दो ही विकल्प हैं स्त्री या पुरुष।

बेशक संस्कृत और अंग्रेजी भाषाएँ हिन्दी के मुकाबले तीसरे जेंडर की स्वीकार्यता को लेकर बेहतर स्थिति में हैं पर वहाँ भी तीसरा लिंग उन निर्जीव वस्तुओं के लिए इस्तेमाल होता है जो लैंगिक पहचान से परे हैं। पेन पैंसिल, किताब पहाड़, नदी, नाला, हवा, आसमान इत्यादि कुछ भी। तो आगे का प्रश्न दिमाग में यह उभरता है कि समाज के उस समुदाय विशेष के लिए भी नपुंसक या थर्ड जेंडर जैसे शब्दों का प्रयोग क्या दर्शाता है? स्कूली शिक्षा में जीव विज्ञान की कक्षाओं में सजीव और निर्जीव के बीच का अंतर बताते हुए यह समझाया जाता है कि सजीव वे पदार्थ हैं जो न केवल समय के साथ–साथ बड़े होते हैं बल्कि समय आने पर अपने जैसे अन्य जीवों को पैदा भी करते हैं।

चाहे वे बीज गिराएँ, अंडे दें या बच्चे पैदा करें, तो क्या इसका मतलब वे जीव जो अपने जैसे जीवों को पैदा करने में अक्षम हैं उन्हें सजीव की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता? एक समुदाय जो अपनी स्पष्ट लैंगिक पहचान (अंग विशेष) के बिना पैदा होता हैं उसके प्रति समाज का तिरस्कार और अवमाननापूर्ण रवैया क्या इसी कारण है? एंथ्रोपोलोजिस्ट मानते हैं कि सामाजिक नियम बनने का आधार काफी हद तक प्राकृतिक नियम रहे हैं। प्राकृतिक नियम अर्थात प्रकृति अपने आप को बनाए रखने के लिए अपनी व्यवस्था स्वयं करती है। वे सभी जीव और प्राणी जो सजीव कहे जाते हैं जिन पर प्रकृति अपने आप को टिकाए हुए है, में चार सहज वृतियाँ (आदतें) पाई जाती हैं आहार, निद्रा भय और मैथुन। जिनमें इनमें से कोई एक भी गुण कम है वे मृत प्रायः हैं। वे स्वयं को बचाए नहीं रख सकते। इन्हीं प्राकृतिक नियमों के आधार पर जब सामाजिक नियम बने होंगे तो मैथुन (संतान पैदा कर सकना) बहुत बड़ा जीवन मूल्य रहा होगा। मनुष्य ने यही देखा कि प्रकृति अपने हर फूल को फल बनने का मौका नहीं देती। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि प्रकृति के यहाँ यही नियम है कि सौ फूलों में से कोई एक ही फूल फल बनकर बीज बनने तक का सफर तय कर पाता है इसलिए प्रकृति का नियम है ज्यादा से ज्यादा पौधे उगते रहे जिससे लगातार बीज बनते रह सकें। विज्ञान ने यह बताया है कि एक स्त्री जो संतान पैदा कर सकती है के अंडकोष में जन्म के समय से ही लाखों की संख्या में अंडे होते हैं जिनमें मानव भ्रूण बनने की संभावना होती है। अलग–अलग जलवायु के हिसाब से 13 से 15–16 वर्ष की अवस्था तक प्रायः सभी मनुष्य किशोरावस्था से प्रकृति के कर्म के लिए तैयार हो जाते हैं। इसी तरह जो मनुष्य प्रकृति के इस कर्म के लिए किसी कारण सक्षम नहीं होते उनकी प्रागैतिहासिक समाज को जरूरत नहीं होती होगी। या वे कमतर माने जाते होंगे। पर आज तो मनुष्य ने विज्ञान और तकनीक की सहायता से इतना विकास कर लिया कि वह अपने हर फूल को फल बना सके। अर्थात् विज्ञान और तकनीक ने शिशु मृत्यु दर और उन तमाम बीमारियों पर विजय पाई है जिसके कारण मृत्यु दर इतनी ज्यादा थी।

उपसंहार – आज यूँ ही जनसंख्या विस्फोट की स्थिति है। ऐसे में अगर कुछ मनुष्य लैंगिक विकलांगता के चलते बच्चे पैदा करने में सक्षम नहीं हैं तो इसी आधार पर उनका समाज से तिरस्कार और निष्कासन नहीं होना चाहिए। जिस प्रकार पेड़ों की जरूरत सिर्फ उनसे पैदा होने वाले फलों के लिए ही नहीं है पेड़ हमें हवा, शीतलता के अलावा जीवन दायिनी ऑक्सीजन देकर हमारे जीवन को संभव बनाते हैं उसी प्रकार अब मनुष्य भी केवल लैंगिक अस्तित्व मात्र ही तो नहीं हैं उससे ऊपर उनके पास मस्तिष्क भी है। जिसका इस्तेमाल करके वे अपने और समाज के लिए उपयोगी और सार्थक हो सकते हैं। अतः समाज को तीसरे लिंग के प्रति अपने व्यवहार और मान्यताओं को सायास बदलना चाहिए। सामाजिक नियम और विश्वास समय–समय पर जरूरत के हिसाब से बदलते रहते हैं। समाज की सोच बदलेगी तो भाषा भी अपने आप बदलेगी।

– डॉ रजनी दिसोदिया
एसोशियेट प्रोफेसर,
हिन्दी विभाग, मिरांडा हाउस
दिल्ली विश्वविद्यालय मोबा. 9910019108

संदर्भ :

1. भाषा स्वरूप और संरचना – हेमचंद्र पाण्डे
2. "ध्यान रहे विनोद जी। किन्नर शब्द के इस्तेमाल से बचें। किन्नौर के होते हैं किन्नर। अंग्रेजी पढ़े–लिखे हैं आप, जानते ही होंगे। हिमाचल प्रदेश के लोगों ने जननांग वंचितों के लिए किन्नर शब्द के उपयोग पर आपत्ति प्रकट की है। नये शब्द की शुरुआत होगी, इस्तेमाल की आदत पड़ जाएगी लोगों को। नाला सोपारा...पेज नं (172)
3. नाला सोपारा.... चित्रा मुद्गल पेज नं. (42)

हिन्दी सिनेमा में दलित विमर्श एवं चिंतन

– डॉ. अरविन्द कुमार पाल
– डॉ. आशुतोष वर्मा

शोध–सार

सिनेमा के 100 साल के इतिहास में दलितो के विषय मे ज्यादा फिल्में नहीं हैं। शुरू मे ऐसा लगा कि गाँधी जी और उनके तरह दूसरे समाज सुधारकों की मदद से यह विषय लोकप्रिय होगा लेकिन जल्दी ही ऐसी फिल्में मुख्य धारा से बाहर चली गई। जब हम बॉलीवुड फिल्मों की संख्या को देखेंगे तो पाएंगे की दलित न सिर्फ जाति के वरीयता क्रम से बाहर है बल्कि सिनेमा से भी बाहर है। 140 करोड से ऊपर की जनसंख्या वाले देश की सिनेमा मे बहुजन जीवन के स्वाभाविक चित्रण का आभाव चिंताजनक है।

समाज और साहित्य मे जो भेदभाव दलितों के साथ किया गया और किया जा रहा हैं वह सिलसिला फिल्मों में भी जारी है। समस्या से भागने की प्रवृति और सब कुछ ठीक है बल्कि मनोवृति ने फिल्मों मे भी दलित समाज के साथ अन्याय ही किया। चूंकि भारत में समाज, वर्ग, जाति आधारित है इसलिए उच्च जातियो ने कलाओं का इस्तेमाल दलितों को महज भरमाने के लिए किया। ''दलित वह शोषित मानव है जो पैदा हुआ तब भी दलित है जिन्दा रहेगा तब भी दलित है और जब मरेगा तब भी दलित रहेगा और उसके विरोध का एक मात्र कारण वर्ग, धर्म है।''

कलाऐं समाज मे जन्म लेती हैं और अंततः समाज को प्रभावित करती है हिन्दी फिल्में इस बात का अपवाद नहीं हिन्दी फिल्मों के इतिहास के समाज में होते हुए सांस्कृतिक परिवर्तन को पकड़ा जा सकता है ये बात अलग है कि हिन्दी सिनेमा आज भी वहीं खडा नजर आता है जहाँ कल था।

बीज शब्द – दलित, अमानवीयता, प्रहार, जाति, छुआछूत, कुरीतियों, वर्ण व्यवस्था, शोध।

प्रस्तावना–सिनेमा के 100 वर्षों के इतिहास को देखें तो यह बात स्पष्ट रूप से निकल कर आती है कि हिन्दी फिल्में जाति प्रथा के प्रति कोई दृष्टिकोण पेश नहीं करती जबकि सतही तौर पर हिन्दी फिल्में ऊंच–नीच के भेदभाव अस्वीकार भी करती नजर नहीं आती है लेकिन हिन्दी सिनेमा में अछूत कन्या, सुजाता, अंकुर, पार, सद्गति, दिक्षा, समर, जैसे कुछ अपवाद नामों को छोड दें तो जाति प्रथा पर प्रहार करती कम नजर आती है।

हिन्दी सिनेमा में दलित समाज को लेकर फिल्मों की स्थिति वैसे रही जैसे हमारे इतिहास में वो मौजूद तो है लेकिन स्वीकृत नहीं है सिनेमा इस प्रवृति से कैसे अछूता रह सकता क्योकि पूँजी की शक्ति ऊँची जातियों के लोगों के हाथ में है इसलिये फिल्मों का विषय किस परिवेश का रहेगा वही लोग तय करते है। इस सबके बावजूद कुछ फिल्में ऐसी बनाई गई है जिसमें दलितों, आदिवासियों और पिछडे वर्ग की सामाजिक स्थिति को दिखाया गया है। हिन्दी सिनेमा ने दलित चित्रण को लेकर बहुत सी ऐसी फिल्मों का निर्माण किया जिसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हमारे जनमानस पर प्रभाव पडा जैसे अछूत कन्या, सुजाता, अंकुर, बवंडर, दामुल, रुदाली, अर्पण, आरक्षण, आर्टिकल 15, क्वीन, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर, ए शुद्र द राइंजिम, मसान जैसी फिल्मों ने भारत में ऊँच–नीच के भेद भाव को बडे पर्दे पर दिखा कर समाज में फैली भ्रान्तियों को दूर करने की जो कोशिश की वह तारीफ के योग्य है। प्रस्तुत शोध–पत्र में हमने दलित चिंतन पर आधारित हिन्दी फिल्मों की अंतर्वस्तु का विश्लेषण किया है और निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया है।

अछूत कन्या 1936 – जाति प्रथा पर प्रहार करती फिल्म –

हिमांशु राय के बैनर तले फ्रैज ऑस्टन द्वारा सन्

1936 मे निर्देशित फिल्म **अछूत कन्या** भारतीय सिनेमा में जातिवाद पर प्रहार करती हुई प्रतीत होती है। देविका रानी (कस्तूरी) कस्तूरी उच्च जाति के प्रेमी अशोक कुमार (प्रताप) के प्रेम को समाज स्वीकार नहीं कर रहा है। जबकि प्रताप के पिता मोहन गांधीवादी व सुधारवादी फिल्म के पात्र है जो कस्तूरी के पिता के घनिष्ट मित्र भी है लेकिन यह मित्रता जातिगत स्तर को कभी नहीं छूती। फिल्म में सभी पात्र जाति प्रथा को मौन सहमति देते हुए दिखते है। दुखिया के अत्यधिक बीमार होने पर मोहन उसे समाज का विरोध झेलकर भी अपने घर मे सेवा सुश्रुषा के लिए ले आता है और इसी क्रम में वह अपना घर–बार गंवा देता है लेकिन प्रताप और कस्तुरी की शादी पर मौन रहता है प्रताप की शादी अपने ही वर्ग की मीरा से हो जाती है कस्तुरी एक व्यंग मयी पात्र बनी रहती है उसके जीवन का एक मात्र दुख प्रताप से शादी न दोना रहता है। जाति–बिरादरी, ऊँच–नीच के भेद–भाव को इस फिल्म के माध्यम से बहुत मार्मिक तरीके से उतारा गया है। फिल्म में अछूत होते हुए भी नायिका को दूसरे के लिए अपना बलिदान देते हुए दिखाया गया। लेकिन समाज मे छुआछूत जैसी बीमारी कम होने का नाम ही नहीं ले रही।

अंकुर 1974 – जाति, वर्ग और लिंग के चौराहे पर खड़ी मानवता –

श्याम बेनेगल की पहली फिल्म अंकुर 1947 में रिलीज हुई जिसमे अन्नतनाग और शबाना आजमी की पहली फिल्म शामिल थी। ग्रामीण और शहरी दोनों परिवेश मे जाति, वर्ग और लिंग की पेचिदगियों को वास्तव में सरलीकृत तरीके से दिखाया गया है। फिल्म में भारतीय जाति व्यवस्था की कुरूपता विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों मे दिखाई देने वाली एक गहरी अंतरदृष्टि प्रदान करती है ग्रामीणों को उम्मीद है कि लक्ष्मी (शबाना आजमी) सूर्य की दासी के रूप में काम करेगी। हालांकि एक दलित होने में उसका विरोध सूर्य का खाना बनाने को लेकर होता है। लेकिन फिर भी वह लक्ष्मी से भोजन पकाने को कहता है। लेकिन फिल्म में सूर्य के घर में लक्ष्मी द्वारा छुई हुई किसी भी वस्तु को छूने से उसकी पत्नी मना कर देती है। आजाद भारत में जाति व्यवस्था और अवैध संबन्ध पर प्रहार करती हुई यह फिल्म हिन्दुस्तान के गावों के कई ऐसे किस्सों पर बात करती है जहाँ जात–पात तथा ऊँच–नीच आदि विषयों पर चर्चा की गई है।

दामुल 1985 अमानवीय अत्याचारों का सिनेमा –

चर्चित सामाजिक अलोचक प्रकाश झा ने 1985 में दामुल बनाई जिसमे अमीर लोगों द्वारा गरीबों का शोषण दिखाया गया है। दामुल बिहार की सामाजिक स्थितियों का खुलासा करती है। वर्गीय चरित्र को परत–दर–परत खोलती है।

राजनीतिक भ्रष्टाचार से जूझते और जातिवाद का दंश झेलते उन दलितों की आत्मकथा को बिना किसी तर्क और लाग–लपेट के परोसती है जिसे देखकर हिन्दू समाज की उन जडता को समझा जा सकता है जहां आदमी व जानवर दोनों के लिए अभिशाप है। दामुल दलितो की उस कहानी को उजागर करती है जो उच्च एवं निम्न वर्ग के संघर्ष को दिखाती है। जिसमें दलितों में इतनी जागरूकता नहीं आयी कि वह अपने शोषण का प्रतिकार कर पाते। फिल्म की कहानी में बच्चा सिंह की खुन्नश यह है कि परधानी में माधो पाण्डेय ही जीतते रहे है। उन्हें हराने के लिए वह एक चाल चलते है और हरिजन टोले के गोकुल को चुनाव में खडा कर देते है। बच्चा सिंह हरिजन टोले मे जाकर माधो पाण्डे का कच्चा चिट्ठा खोलते है कहते है 'छुआ–छूत भेद भाव लोगों का बनाया हुआ है' बच्चा सिंह अपनी चाल में सफल तो हो जाते है लेकिन गोकुल चुनाव नहीं जीत पाता है क्योंकि बच्चा सिंह का तर्क था कि खड़े किये हम जिताएंगे हम तो राज कौन करेगा, चमार गांव में राजनीतिक दांव पेंच में बहुत खून–खराबा होगा यह कोई नहीं जानता था कि इस फिल्म के माध्यम से उच्च वर्ग की जातियों द्वारा निम्न जाति के लोगों के प्रति सभी कुकर्म किये जाते है। माधो पाण्डे ऐसा कोई कुकर्म नहीं जो विधवा महात्माइन के साथ करता है और अन्त में महात्माइन की हत्या भी

कर देता है और एक दलित संजीवना को उसी हत्या में फंसा देता है यह संजीवना उसका बन्धुआ मजदूर है उसके लिए बाप का कर्ज चुकाने की एवज मे गाय, बैल, बकरी चराने के लिए विवश होता है। उसके सामने कोई विकल्प नहीं बचता। जिस जाल में माधो पाण्डेय संजीवना को फंसा देता है वह उसके लिए दामूल साबित होता है उसे महात्माइन की हत्या में फासी दी जाती है और माधो एक तीर पे दो शिकार करता है ।

निष्कर्ष –

सिनेमा में क्या दिखाया जा रहा है यह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि कैसे दिखाया जा रहा है यह महत्वपूर्ण है और इसी से दिखाने वाले की मानसिकता का पता चलता है यूँ तो उंगलियों पर गिनी जा सकने वाली संख्या में ऐसी कई फिल्में है जिनके कथानक आधार दलित रहे है। लगभग 100 साल के बूढ़े होते सिनेमा के इतिहास में कभी जातिप्रथा, विधवा विवाह, बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर हमारे समाज मे फिल्में बनी और सफल भी रही लेकिन उनके केन्द्र मे कभी दलित विमर्श नहीं रहा। वह केवल भाईचारे का सन्देश देकर खत्म हो जाती है, जरूरत है कि सिनेमा को समाज आत्मसात करें और उस पर विचार करे। वर्तमान में हिन्दी सिनेमा ने दलित विमर्श पर जो फिल्में बनाई वह आजादी से पहले बनी फिल्मों से कमजोर रही लेकिन समाज में जागरूकता फैलाने का काम किया है। सिनेमा घर में अंधेरों मे दर्शकों के मन मे उठने वाली प्रतिक्रियाए हो सकता है कि बाहर के उजाले में दम तोड दे लेकिन उनसे सामाजिक, सांस्कृतिक या आर्थिक परिवर्तन को गति अवश्य मिलती है।

– डॉ. अरविन्द कुमार पाल,
सहायक आचार्य, जन–संचार विभाग, राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, दोईमुख, अरुणाचल प्रदेश–791112 मो. 8932047805

– डॉ. आशुतोष वर्मा, सहायक आचार्य, सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश
मोबा. 9889532699

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. सिनेमा और समाज 1993 विजय अग्रवाल साहित्य प्रकाशन दिल्ली पृष्ठ 11
2. सिनेमा और समाज 1993 विजय अग्रवाल साहित्य प्रकाशन दिल्ली पृष्ठ 18
3. वर्ण व्यवस्था एक वितरण व्यवस्था 2003 एच एल दुसाध संपर्क प्रकाशक नई दिल्ली 67
4. लोक प्रिय सिनेमा और सामाजिक यथार्थ 2001 जवरीमल्ल परख अनामिका पब्लिशर्स नयी दिल्ली पृष्ठ संख्या 114
5. सिने पत्रकारिता श्याम माथुर 2008 राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी जबलपुर पृष्ठ 221
6. मूल फिल्म 'अछूत कन्या'
7. मूल फिल्म 'अंकुट'
8. मूल फिल्म 'दामुल'

Administration of Chandergupt Maurya

- Dr. Kavita Rani (Civil Administration)

Civil Administration -

Chandergupt Maurya does not figure only as a warrior king but his administration, both civil and military was par excellence. His advisers and councillors were selected from intellectuals and top officials. Consequently the administration of Chandergupt Maurya touched its peak from various angles namely judicial administration, best administrative municipal management, excellent roads, efficient irrigation process, dynamic traffic arrangements, trade and commerce, superior police system, discouragement of slave system and the

like. Each and every wing of administration aimed at prosperity of the subjects. Notwithstanding all this, Historian Justin passed stricture that Chandergupt Maurya shifted the name of liberty to that of bondage and thereby oppressed his people. There is a probability that he might have viewed strict law and order that the Emperor enforced and the strict penal code which allowed corporal punishment like mutilation of limbs.[1]

The King was supreme and super head of the whole administration. He enjoyed full freedom. He himself took part in the activities of war. He was the supreme head of Judiciary. He selected his ministers and appointed the officials in accordance with his sole discretion. He was ever ready to see the welfare of his subjects even at the loss of his own pleasure and happiness. It is usually said about him that he cared even a fig for his meals and remained busy to provide facilities to his subjects.

The court of the King was famous for its magnificence throughout Asia. He was prominent for his justice. His palace surpassed in splendour and beauty. Patliputra was the capital of the Empire which was a town strongly fortified. It was the biggest city in India situated on the bank of the river son.[2] Vincent A. Smith writes that the imperial court here was maintained in a glorious style. A good quantity of gold was used. Richly carved tables and chairs, vessels arranged with precious stones were used. The king was taken in golden palanquin studded with pearls when he was to present himself in public on State occasions.[3]

The King used to travel on horse back while making short journeys but just like a modern King he used elephant with golden trappings. V. A. Smith writes that in the middle of all the gold and glory best elaborate security precautions were taken. Since uneasy lies the head that wears the crown, his life was constantly threatened by means of plots. It was hardly possible for him to take the risk of sleeping in the day-time or to occupy the same bed-room for a couple of nights in succession.[4]

It is held that in the civil govern-ment Chandergupt depicted such an aptitude that he cannot be called an ordinary warrior-king. The court of Chandergupt Maurya was imposing one. In the later period the Grammarian Pitanjali could still recall Chandergupt-

sabha. Tradition holds several names reputed to have attended the court of the King. They are the celebrated Kautilya or Chanakya and the most celebrated, Magesthenes. Magesthenes brought his credentials from Saleucus.[5]

